भारत सरकार

परमाणु ऊर्जा विभाग

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या-1126

उत्तर दिनांक - 01/08/2024 को दिया गया

परमाणु विद्युत उत्पादन

1126. श्री परिमल नथवानी

क्या प्रधानमंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :-

(क) विगत पांच वर्षों के दौरान देश में उत्पादित परमाणु विद्युत का राज्य-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) देश में उत्पादित कुल विद्युत में परमाणु विद्युत का हिस्सा कितना है; और

(ग) क्या सरकार और अधिक परमाणु विद्युत संयंत्र बनाने की योजना बना रही है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

राज्य मंत्री, कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन तथा प्रधानमंत्री कार्यालय (डॉ. जितेंद्र सिंह)

(क) विभिन्न राज्यों में स्थित नाभिकीय विद्युत केंद्रों द्वारा उत्पादित बिजली का ब्यौरा निम्नानुसार है :

राज्य	वर्तमान स्थापित क्षमता (मेगावाट)	पिछले पांच वर्षों के दौरान बिजली उत्पादन (वर्ष 2019-20 से 2023-24) मिलियन यूनिट में
महाराष्ट्र	1400	44124
राजस्थान	1180	37787
तमिलनाडु	2440	73100
उत्तर प्रदेश	440	16724
गुजरात	1840	21895
कर्नाटक	880	36811

(ख) वर्ष 2023-24 में देश के कुल बिजली उत्पादन में नाभिकीय ऊर्जा का हिस्सा लगभग 2.8% था।

(ग) हां। स्थापित क्षमता 8180 मेगावाट को वर्ष 2031-32 तक 22480 मेगावाट तक बढ़ाया जाना निर्धारित है।

*****